भारतीय कपास निगम लिमिटेड

(A Government of India Undertaking)

"कपास भवन"158-185 डिस्ट्रीक सैंटर ,जवाहर नगर, श्रीगंगानगर ।

Tel No: 0154-2462843 Fax No: 0154-2461040

निगमित पहचान संख्या:U51490MH1970GOI014733

Website: www.cotcorp.org.in. E-Mail: sriganganagar@cotcorp.com

संख्याःभाकनि/गंनगर/मांसवि/सुरक्षा गार्ड पुन निविदा/2019–20/ दिनांकः– 03.01.2020

सुरक्षा गार्ड नियुक्ति हेतू अल्प अवधि निविदा सूचना

भारतीय कपास निगम लिमिटेड, शाखा कार्यालय श्रीगंगानगर अपने अधिन्स्थ विभिन्न केन्द्रो पर आवश्यकता के आधार पर निगम द्वारा आहरित प्राईवेट गोदामों में निगम की गांठो की सुरक्षा के लिए **"प्राईवेट गोदामों में सुरक्षा गार्डो की नियुक्ति हेतू"** अधिकृत सुरक्षा गार्ड एजेंसी से मोहरबंद निविदाऍ आमंत्रित करता है। गोदाम की 24 घंटे की सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड प्राईवेट गोदामों में निगम की गांठो की भण्डारण अवधि तक पुरे माह के आधार पर नियुक्त किये जाने है । निविदा सूचना, नियम व शर्तें निगम की वेबसाईट www.cotcorp.org.in तथा Govt Portal http://eprocure.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं। मोहरबंद निविदाऍ भारतीय कपास निगम लिमिटेड शाखा कार्यालय श्रीगंगानगर में स्थित टेंडर बॉक्स में डालने की अंतिम तिथि 09.01.2020 दोपहर 03.30 बजे तक है। मोहरबंद निविदाऐ उसी दिन दिनांक 09.01.2020 को सांय 04.00 बजे उपस्थित टेंडरकर्ता व गठित समिति के समक्ष खोले जायेंगे।

धरोहर राशि ₹ 20000.00 के बिना निविदाऐ सीधे तौर पर निरस्त कर दी जाऐंगी। टेंडर कर्ता द्वारा पैन नं.,पी.एफ.कोर्ड, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नं0. एजेंसी के लाईसेंस की प्रति (स्वयं सत्यापित) टैक्नीकल बिड नं.-1 में संलग्न करना अनिवार्य हैं ।

मुख्य महाप्रबंधक

(To be printed on Letter head of the party)

टैक्नीकल बिड (बिड नं. 1)

1. पार्टी का नाम :.....

2. पार्टी का पूरा पत्ता :.....
.....
.....
.....
.....

3. दूरभाष संख्या :.....

4. PAN No. :.....
(कृपया स्वतः सत्यापित प्रति सलंग्न करें)

5. Provident Fund No. :.....
(स्वतः सत्यापित प्रति सलंग्न करें)

6. GST Registraion No :.....
(स्वतः सत्यापित प्रति सलंग्न करें)

7. सुरक्षा एजेंसी के वैध लाईसेंस की कॉपी :.....

8. सलग्न ड्राफट/पे–ऑडर : संख्या.....दिनांक.....
: राशि रू.....बैंक का नाम .....

9. नियम व शर्तो की पार्टी द्वारा हस्ताक्षरित प्रति सलंग्न है या नही (हॉ/नही)

दिनांक :–.....

Seal and signature:

Name:

Full Address:

Tel./Mobile No.:

E-mail Id :

नियम व शर्ते

1. निविदा फार्म फर्म के लेटर हैड पर निर्धारित प्रोफार्मा में ही होना चाहीए, तथा निविदा फार्म के सभी दस्तावेजों एंव प्रत्येक पन्ने पर फर्म के प्राधिकृत हस्ताक्षर्ता के हस्ताक्षर होनो अनिवार्य है ।

2. निविदा **टू बिड** सिस्टम में देनी होगी अर्थात टैक्नीकल बिड नं.–1 जिसमें पार्टी का पूरा ब्योरा दिया जाना है, धरोहर राशि का डीडी/पे–ऑडर एवं नियम व शर्ते हस्ताक्षर सहित टैक्नीकल बिड न. –1 के साथ संलग्न करना होगा। यह एक अलग लिफाफे में हो जिस पर **टैक्नीकल बिड नं.–1** लिखा होना चाहिए ।

3. फाईनेशियल बिड –2 में निगम कें निर्धारित प्रोफार्मा में दरें लिखी जायेगी । यह एक अलग लिफाफे में हो जिस पर **फाईनेशियल बिड नं.–2** लिखा होना चाहिए। उपरोक्त दोनो लिफाफों को अलग से तीसरे लिफाफे में डालकर सील करना होगा जिस पर लिखा होना चाहिए **"प्राइवेट गोदाम में सुरक्षा गार्ड हेतू निविदा"** जो मुख्य महाप्रबंधक को संबोधित हो।

4. **एल–1 सुरक्षा गार्ड एजेन्सी से किया गया अनुबंध, कार्य आदेश की अवधि से एक वर्ष के लिए प्रभावी होगा सुरक्षा गार्ड निगम की आवश्यकता अनुसार तथा प्राईवेट गोदामों में गांठो की भण्डारण अवधि तक ही तैनात किये जायेगें तथा सुरक्षा एजेन्सी द्वारा प्रत्येक गोदाम में प्रत्येक दिन पुरे माह 24 घंटे तक सुरक्षा उपलब्ध करवाई जायेगी । यद्वपि इस करार को एक माह का पूर्व नोटिस देकर किसी भी समय समाप्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित रहेगा ।**

5. सुरक्षा गार्ड एजेन्सी द्वारा भेजे गये सुरक्षा गार्ड वर्दी में तथा उसके पास लाठी, टॉर्च होने चाहिऐ ।

6. सुरक्षा गार्ड एजेन्सी के पास कम से कम 1 वर्ष का सुरक्षा गार्ड प्रदान करने के कार्य का अनुभव होना चाहिए व प्रति निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है इसके बिना निविदा निरस्त कर दी जाऐगी।

7. **सुरक्षा गार्ड एजेंसी भुगतान हेतु बिल प्रेषित करते समय उसके साथ उनके द्वारा संबधित गार्ड को दिये गये पारिश्रमिक तथा वैधानिक कटौतियों का प्रमाण (Bank/Neft details, PF Esi Details) बिल के साथ प्रस्तुत करना आवश्यक है। अन्यथा बिल का भुगतान नही किया जायेगा ।**

8. सुरक्षा गार्ड एजेन्सी द्वारा प्रस्तुत दरें प्रतिमाह के आधार पर होनी चाहिए, इन दरों मे ESI,P.F.,Bonus,Gratuity इत्यादि शामिल होगे। निविदा में NET AMOUNT दर्शायें ।

9. आप द्वारा तैनात गार्ड किसी भी प्रकार से निगम के कर्मचारी नहीं होंगे तथा उनको आवास,चिकित्सा,बोनस,बीमा,वर्दी आदि किसी भी प्रकार की अन्य सुविधाए निगम द्वारा देय नहीं होंगी।

10. राज्य सरकार व केन्द्र सरकार के सभी मजदुरी नियम (Labour Laws) का कडाई से पालन एजेन्सी द्वारा किया जाऐगा और इसकी कोई जिम्मेदारी निगम (CCI) की नही होगी।

11. सुरक्षा गार्ड संस्था द्वारा निगम द्वारा आहरति गोदाम में तैनात किये जाने वाले सुरक्षा कर्मी निगम को अपनी सेवाऍ पूर्ण जिम्मेदारी अनुशासन एवं संतोषजनक ढंग से प्रदान करेंगे व कार्यालय के सामान्य अनुशासन का पालन करेंगे । उन पर निगरानी की पूर्ण जिम्मेदारी सुरक्षा एजेंसी पर होगी तैनात **सुरक्षा गार्ड का आई डी कार्ड, जिस पर गार्ड का नाम, पिता का नाम, व स्थाई पता अंकित हो तथा स्थाई निवास का प्रमाण व पैन न0,(उपलब्ध हो तो) आधार कार्ड,वोटर आई डी तथा मोबाईल नं0 व गार्ड का पुलिस सत्यापन प्रमाण–पत्र आदि जानकारी शाखा कार्यालय मे देनी अनिवार्य है।** एजेन्सी कार्यालय से आवश्यक सम्पर्क बनाकर रखेंगे व भेजे जाने वाले गार्डों की प्राथमिक सूचना कार्यालय को समय–समय पर प्रेषित करेंगे ।

12. यदि संस्था का गार्ड बिना कोई सूचना दिये अनुपस्थित रहता है तो आपको बिना बताये प्रस्तुत बिल से उस दिन की राशि काट ली जाऐगी, तथा गोदाम मे सेवा अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की क्षति हुई तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी एजेन्सी की होगी एंव क्षतिपूर्ति राशि धरोहर राशि से समायोजित उपरांत बाकी वसूली राशि Service Provider से की जायेगी ।

13. संबधित सुरक्षा एजेंसी द्वारा दर्शाई गई दर एक साल के लिए वैध रहेगी ।

14. सुरक्षा गार्ड की सेवा प्रदाता फर्म द्वारा संतोषजनक सेवाएं प्रदान करने की स्थिति में दोनों पार्टियों की आपसी सहमति से तथा सेवा प्रदाता फर्म की लिखित सहमति उपरांत सुरक्षा कार्मिक सेवाओं को निविदा में निर्धारित पूर्व दरों व शर्तो पर आगामी एक वर्ष या उसके किसी भाग के लिए किए गए करार को बढाया जा सकता है । **यद्वपि इस करार को एक माह का पूर्व नोटिस देकर समाप्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित रहेगा ।**

15. निगम द्वारा इस करार के अंतर्गत सुरक्षा एंजेसी द्वारा तैनात सुरक्षा कर्मी को किसी भी प्रकार का आवास, यूनिफार्म, परिवहन, बोनस तथा अन्य कोई भी अतिरिक्त लाभ देय नही होगा ।

16. सुरक्षा एजेसी द्वारा उपलब्ध करवाये गये सुरक्षा कर्मचारीयों से संतोषजनक एंव उचित अनुशासन का पालन करवाने की जिम्मेदारी सुरक्षा एजेंसी (Service Provider) की होगी । सुरक्षा गार्ड द्वारा प्रतिदिन डयूटी पर आने व जाने का समय हस्ताक्षर सहित निगम के रजिस्टर में आवश्यक रुप से दर्ज करना होगा ।

17. संस्था द्वारा दी गई सुरक्षा गार्ड व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर या असंतोषजनक होने पर यह कार्य आदेश कभी भी निरस्त किया जा सकता है तथा एल–2 से नेगोशिएशन कर कार्य आदेश दे दिया जाएगा।

18. टेंडरकर्ता को धरोहर राशि ₹ 20000.00 का डीडी/पे–ऑडर **टैक्नीकल बिड न. –1 के साथ** सलग्न करना होगा। धरोहर राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैक से डीडी या पे–ऑर्डर के रुप में हो जो कि " The Cotton Corporation of India Ltd., के नाम पर श्रीगंगानगर (राजस्थान) में देय हो।

- ईएमडी राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा।
- ईएमडी राशि के बिना टेंडर को सीधे तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा।
- ईएमडी राशि के रूप में चैक मान्य नही होगा।
- टेंडर में असफल टेंडरकर्ता को टेंडर खुलने के 15 दिन के अंदर ईएमडी राशि लौटा दी जाएगी।

19. यदि टेंडर निर्धारित टेंडर प्रोफार्म व अनुक्रमिक तरीके से नही भरा होगा तो भी उसे सीधे तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा।

20. **टेंडर टैक्निकल बिड–1 में क्वालीफाई होने के लिए निम्नलिखित दस्तावेज जरूरी है:–**

- ईएमडी राशि का डीडी/पे–ऑर्डर।
- नियम व शर्तो की प्रति टेंडरकर्ता द्वारा हस्ताक्षर कर बिड–1 के साथ सलग्न करना होगी।
- PAN NO. , Provident Fund Code, GST Registration no. Valid license copy & 1 साल के अनुभव की स्वयं सत्यापित प्रति सलग्न करना होगा।

21. **टेंडरकर्ता का स्वयं की शर्तो पर आधारित टेंडर सीधे रदद् कर दिया जाएगा।**

22. बिड–1 में क्वालीफाई नही होने पर बिड–2 नही खोली जाएगी।

23. किसी भी तरह के विवाद का न्यायलय क्षेत्र श्रीगंगानगर (राजस्थान) रहेगा।

24. निविदा डाक द्वारा स्वीकार नही की जावेगी । निगम किसी भी या सभी निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है । निविदाकर्ता निगम से उनके टेंडर की अस्वीकृत करने का कारण पूछ सकता है।

Declaration

I/We have read above terms and Conditions and we agree with the same.

Date:

Seal and signature:

Name:

Full Address:

Tel./Mobile No.:

E-mail ID :

(To be printed on Letter head of the party)

Financial Bid (Bid-2)

सेवा में,
मुख्य महाप्रबंधक
भारतीय कपास निगम लिमिटेड
कपास भवन 158.185,डिस्टीक सेंटर,
जवाहर नगर,श्रीगंगानगर – 335001

विषय :– प्राईवेट गोदाम में सुरक्षा गार्ड रखने हेतु टेंडर नोटिस दिनांक 03.01.2020 के संबंध में।

महोदय,

1. उक्त टेंडर नोटिस दिनांक 03.01.2020 के नियम व शर्तो को हस्ताक्षरित कर साथ संलग्न किया गया है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	राशि (प्रतिमाह) (In Rs.)Net Amount
1	**प्राईवेट गोदाम में सुरक्षा गार्ड प्रतिदिन 24घंटे सुरक्षा के लिए दर (समस्त देय करों व चार्ज सहित)**	

Date: Seal and signature:

Place: Name:

Full Address:

Tel./Mobile No.: